भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3796
जिसका उत्तर मंगलवार 09 अगस्त, 2016 को दिया जाना है

ऑटोमोबाइल निर्यात

3796. श्री ए. अनवर राजा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय ऑटोमोबाइल विनिर्माण सोसाइटी ने सरकार से अल्जीरिया और नाइजीरिया जैसे अफ्रीकी राष्ट्रों के साथ व्यापार करने के लिए रुपये आधारित भुगतान तंत्र पर विचार करने के लिए संपर्क किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) 2015-16 में कुल ऑटोमोबाइल निर्यात कितना था और अफ्रीकी देशों में प्रतिशत व कुल मात्रा में कितना कुल विदेशी शिपमेंट का हिस्सा रहा है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): जी, हां। अफ्रीकी राष्ट्रों के साथ व्यापार करने के लिए रुपए-आधारित भुगतान तंत्र पर विचार करने के लिए उन्होंने वाणिज्य विभाग को सुझाव भेजा है।

तथापि, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार ने उनके सुझाव पर अभी निर्णय नहीं लिया है।

(ग): वर्ष 2015-16 में कुल वाहन निर्यात 8857 मिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ था और इसी अवधि के दौरान अफ्रीका को 2011 मिलियन अमेरिकी डॉलर के वाहन निर्यात किए गए थे जो 2015-16 के दौरान किए गए कुल वाहन निर्यात का लगभग 23% है।

****